UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 14 अब्दुर्रहीम खानखाना (महान व्यक्तित्व)

अभ्यास-प्रश्न

प्रश्न 1:
रहीम का जन्म कब हुआ था?
उत्तर:
रहीम का जन्म सन् 1556 ई० में हुआ।

प्रश्न 2:
रहीम की प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।
उत्तर:
रहीम की प्रमुख रचनाओं के नाम रहीम सतसई, बरवै नायिका भेद, राम पंचाध्यायी, श्रृंगार सोरठ, मदनाष्टक तथा खेल कौतुक हैं।

प्रश्न 3:
रहीम को किन गुणों के कारण याद किया जाता है?
उत्तर:
रहीम का कलम और तलवार पर समान अधिकार था। उन्होंने सर्वधर्म समभाव का आदर्श प्रस्तुत किया। उदारता, दानशीलता, कवित्व, राज्य संचालन, वीरता, दूरदर्शिता उनके पैतृक गुण थे।

प्रश्न 4:
रहीम को कौन-कौन सी उपाधियाँ प्राप्त थीं?
उत्तर:
रहीम को मिर्जा खाँ, खानखाना तथा वकील की उपाधियाँ प्राप्त थीं।

प्रश्न 5:
सही विकल्प चुनिए (सही विकल्प चुनकर), रहीम

(क) उच्चकोटि के चित्रकार थे।
(ख) उच्चकोटि के इतिहासकार थे।
(ग) उच्चकोटि के राजनीतिज्ञ और कवि थे।
(घ) एक सूफी संत थे।
उत्तर:
(ग) उच्चकोटि के राजनीतिज्ञ और कवि थे।

प्रश्न 6:
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (पूर्ति करके)
(क) अकबर ने रहीम को **मिर्जा खाँ** नामक उपाधि प्रदान की।

(ख) रहीम ने **ब्रजभाषा, अवधी** तथा खड़ी बोली में रचनाएँ की।
(ग) रहीम ने समाज के सामने **सर्वधर्म समभाव** का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया।

https://www.evidyarthi.in/